# A brief note on CUTS survey on section 6 of NTCL, 2003

## *A Tobacco Control Initiatives by CUTS*

### Introduction

Tobacco use is one of the major preventable causes of death and disability worldwide. According to recent WHO estimates, 4.9 million deaths annually are attributed to tobacco. Tobacco is accounting for over eight lakh deaths every year in India. It is estimated that like other developing countries, the most susceptible time for initiating tobacco use in India is during adolescence and early adulthood, ages 15-24. The majority of users start using tobacco before age 18, while some even start as young as 10. It is estimated that 5,500 adolescents start using tobacco every day in India, joining the 4 million young people under the age of 15 who already regularly use tobacco.

### Background

In the year 2006-2007 CUTS Centre for Consumer Action, Research & Training (CART) successfully implemented a project titled “Tobacco: Deadly in any forum or Disguise” in partnership with the Ministry of Health & Family Welfare, Government of India and the World Health Organization (WHO, India) and in active collaboration with the Department of Health and Family Welfare, Government of Rajasthan.

Objective of the project was to sensitize the educational institutes about the Section 6 of the tobacco control act and to advocate for necessary action for the strict enforcement of the law as well as to educate general public about the ill effects of tobacco use, provisions of tobacco control law, especially about the ban on smoking in public place (section 4). Awareness & sensitization campaign have been done in selected 50 schools of Jaipur city. These events helped in sensitizing the students and teachers’ community and educating the school authorities about the need for the strict enforcement of Tobacco Control Law. Other activities like road shows *(Nukkad Natak),* documentary film screening, signature campaigns, poster competitions for school children were also conducted to create awareness in among the students & teachers as well as general public.

To take forward the success of first phase into the all divisions of Rajasthan, a new project conceptualized. Presently a project titled “Tobacco Control Campaign by Mobilizing Key Stakeholders in Rajasthan State” is being implementing in partnership with the Ministry of Health & Family Welfare, GoI and the World Health Organization (WHO, India) and in active collaboration with the Department of Health, GoR.

### CUTS survey on section 6 of NTCL

Selling of tobacco products within a radius of 100 yards of any education institutions is banned according to section 6 of national tobacco control law (NTCL, 2003). But in the city of Jaipur, in 22.22% schools surveyed, this provision found violating. An assessment was done by CUTS, a consumer advocacy group, which is involved in tobacco control initiatives from a consumer perspective, revealed the fact. Study was done in Jaipur during October-November 2008.

In 70% cases, where violation found, the school authorities have not taken any action even they are aware about the law. However, 30% schools have initiated some action against shopkeepers to stop the sale, but without yielding any result. This clearly indicates the lack of enforcement by the concerned agencies and non-existence of a mechanism to check such violations.

A positive finding came out of the survey is that 100% schools are aware about the ban of tobacco selling to minors, however only 95.55% schools are found aware about the ban of sale within 100 yards of educational institutions. In 4.44% schools, teachers and students were found consuming tobacco products.

This survey was in series of interventions of CUTS CART in the area of Tobacco Control Initiatives. CUTS CART has been implementing various activities, since year 2006 and is also currently implementing a project “Tobacco Control Campaign by Mobilizing Key Stakeholders in Rajasthan State” in collaboration with WHO and MoHFW, GoI with a special focus on youth. CUTS is working for the strict enforcement of tobacco control law specially section 6 which ban the sale of any tobacco product in the radius of 100 yards of educational institutions and also section 4 the ban of smoking in public places.

**Table.1 - Name of the schools, where shops were found selling tobacco products within 100 yards.**

| **Sr.** | **Name of School** | **Address** |
|---|---|---|
| 1 | Jagrati Vidya Mandir, Niwaru Road | Udyog Nagar, Niwaru Road, Jhotwara, Jaipur |
| 2 | Govt. Girls Sr. Sec. School, Jhotwara | Below Over bridge, Jhotwara, Jaipur |
| 3 | Adarsh Vidya Mandir, Sanganer | Behind Chordiya Petrol Pump, Sanganer, Jaipur |
| 4 | Prince Public School, Pratap Nagar | 64/557, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur |
| 5 | Veena Vadini School, Pratap Nagar | Sector-6, Sitaram Colony, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur |
| 6 | Parashar Public School, Shastri Nagar | Parvati Colony, Chandmari Bhatt, Shastri Nagar, Jaipur |
| 7 | Saint Greek Public School, Shastri Nagar | Indira Verma Colony, Shastri Nagar, Jaipur |
| 8 | Jyoti Se. Sec. School, Murlipur | E 538-541, Murlipura Scheme, Jaipur |
| 9 | Govt. Se. Sec. School, Harmada | Harmada, Jaipur |
| 10 | Govt. Se. Sec. School (Girls), Amer | Amer |

## Media

# धुएं की पढ़ाई

- अधिकतर स्कूलों को कानून की जानकारी नहीं
- कियोस्क वालो की दलील, हमें यही कियोस्क दिए, हमारी मर्जी क्या बेचें, थड़ी वाले देते हैं दुहाई रोजी छिनने की

- स्कूलों के बाहर 100 गज के भीतर धड़ल्ले से बेचे जा रहे हैं तंबाकू उत्पाद
- सर्वे में हुआ खुलासा, 22 फीसदी स्कूलों के बाहर बिक रहा है जहर

जयपुर, 10 नवंबर (स्टार टुडे)

शहर की अधिकतर स्कूलों के 100 गज के दायरे में गुटखा, बीड़ी, सिगरेट सहित कई तंबाकू उत्पाद धड़ल्ले से बेचे जा रहे हैं। कानूनन प्रतिबंधित होने के बावजूद न तो स्थानीय थाना पुलिस इनके खिलाफ कार्रवाई कर रही है और न ही स्कूल प्रशासन की ओर से समझाइश कार्यक्रम हो रहा है।

**अधिकतर स्कूलों में जानकारी नहीं :** शहर के अधिकतर स्कूलों में इस बात की जानकारी नहीं है कि स्कूलों के पास 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पाद बेचना कानूनन जुर्म है। इसके अलावा उन्हें यह जानकारी भी नहीं है कि शिक्षा विभाग ने भी तंबाकू बेचने वालों के लिए 'समझाइश कार्यक्रम' शुरू किया हुआ है। डीईवी गर्ल्स कॉलेज की प्रिंसिपल संतोष चौधरी का कहना है कि ऐसा कोई कानून है, यह जानकारी नहीं है।

**मना करने पर नहीं मानते :** कई संस्था प्रधानों ने स्वीकार किया कि स्कूल के आस-पास लगी थड़ियों पर तंबाकू उत्पाद बेचे जा रहे हैं। अगर तंबाकू उत्पाद बेचने से मना करते हैं तो वे अपना रोजगार छिनने की दलील देते है। जब उन्हें दूसरे उत्पादों की बिक्री के लिए कहा जाता है तो वे कहते हैं कि कमाई तो तंबाकू उत्पाद बेचने में ही है।

**यह है सर्वे :** कट्स-कार्ट की ओर से चलाए जा रहे तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शहर के स्कूलों का सर्वे किया गया। सर्वे में यह बात सामने आई कि जयपुर के 22 प्रतिशत स्कूलों के पास 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पाद बेचे जा रहे हैं। इसके बावजूद भी दुकानदारों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

कट्स-कार्ट के अमरदीप सिंह और धर्मेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण अधिनियम, 2003 की धारा छह के तहत शैक्षणिक संस्थाओं के पास 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पाद बेचने पर प्रतिबंध लगाया गया है,लेकिन अधिकतर स्कूलों के पास तंबाकू उत्पाद धड़ल्ले से बिकते हुए पाए गए। सर्वेक्षण के अनुसार कानून के उल्लंघन के मामलों में 70 प्रतिशत स्कूल प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। उधर 30 प्रतिशत मामले में स्कूल प्रशासन ने कार्रवाई तो की, लेकिन दो-चार दिन बाद तंबाकू बेचने वाले फिर आ धमके! सर्वेक्षण के दौरान यह तथ्य भी उजागर हुआ कि 100 प्रतिशत स्कूल प्रशासन अव्यस्कों को तंबाकू उत्पाद बेचने की पाबंदी की बात तो करते हैं, लेकिन वे अपने स्कूल के पास इसे बेचने से मना नहीं करते हैं।

## 'न्यूज़ टुडे' ने पकड़ा इन स्कूलों के बाहर

- जागृति विद्या मंदिर, निवारू रोड
- राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल, झोटवाड़ा
- आदर्श विद्या मंदिर, सांगानेर
- प्रिंस पब्लिक स्कूल, प्रताप नगर
- वीणा वादिनी स्कूल, प्रताप नगर
- पाराशर पब्लिक स्कूल, शास्त्री नगर
- सेंट ग्रीक पब्लिक स्कूल, शास्त्री नगर
- ज्योति सीसे स्कूल, मुरलीपुरा
- राजकीय सीसे स्कूल, हरमाड़ा
- राजकीय सीसे स्कूल (गर्ल्स) , आमेर
- इंडियन ओवरसीज कॉलेज फॉर एजुकेशन के सामने, प्रताप नगर
- डीईवी गर्ल्स कॉलेज के पीछे, प्रताप नगर
- कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल के पास, प्रताप नगर
- सोफिया स्कूल के सामने, घाटगेट
- एमजीडी स्कूल के सामने, अजमेरी गेट
- जयपुरिया स्कूल के सामने, जेएलएन मार्ग
- आहंगरान गर्ल्स कॉलेज के पास, नवाब का चौराहा, घाटगेट
- विद्याश्रम स्कूल, केएम मुंशी मार्ग

## इनका कहना है

दुकानदारों को बोला तो नहीं, लेकिन अब बोल देंगे। वे गरीब आदमी हैं अपना पेट पाल रहे हैं। ऐसे में बेवजह परेशान क्यों करें।


**कमलेश गुप्ता, प्रिंसिपल, कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल**

हालांकि दुकान नहीं होनी चाहिए, लेकिन हमें दुकानदारों को समझाने का अधिकार ही नहीं है। लेकिन यदि मना भी करते हैं तो हमारे पास क्या सिक्योरिटी है।

**उपेंद्र कौशिक, प्रिंसिपल विद्याश्रम स्कूल**

निगम अधिकारियों से कई बार कह चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। कियोस्क मालिक कहते हैं कि हमें तो सरकार ने अलोट की है। हम कुछ भी बेचें।


**आरके जैन, प्रिंसिपल, जयपुरिया स्कूल**




सुबोध पब्लिक स्कूल के गेट के पास




वरसीज कॉलेज के सामने



से स्कूल, झोटवाड़ा के पास



एमजीडी स्कूल के सामने




द्या मंदिर, सांगानेर के पास






विद्याश्रम स्कूल के पास



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, माणक चौक



जयपुरिया विद्यालय के बाहर

Hindustan Times, Jaipur Live, Wednesday, November 5, 2008

# Ban on tobacco sale not followed by 22 pc schools, says survey

**HT Correspondent**

THE BAN on sale of tobacco products within a radius of 100 yards of any education institutions was found being violated around many schools, says CUTS Centre for Consumer Action, Research & Training, an NGO.

Sale of tobacco products within a radius of 100 yards of any education institutions is banned according to section 6 of the National Tobacco Control Law (NTCL, 2003).

In a recent survey held in 45 schools across the city, the provision was found flouted in around 10 schools (22.22 per cent).

In 70 per cent cases, the school authorities have not taken any action even though they were aware about the law. However, 30 per cent schools have initiated some action against shopkeepers to stop the sale, that too without yielding any results.

**In 70 per cent cases, the school authorities have not taken any action even though they were aware about the law. However, 30 per cent schools have initiated some action against shopkeepers to stop the sale, that too without yielding any results.**

This indicates the lack of enforcement by the concerned agencies and non-existence of a mechanism to check such violations, said the survey.

A positive finding came out of the survey is that cent per-cent schools are aware about the ban on selling tobacco to minors. However, only 95.55 per cent schools know about the ban of sale within 100 yards of educational institutions. In 4.44 per cent schools, teachers and students were found consuming tobacco products.

# फिर निकला पाबंदी का आदेश

*शिक्षा विभाग ने फिर जारी किया स्कूल के बाहर धूम्रपान सामग्री बेचने पर रोक लगाने का आदेश, प्राचार्य रखेंगे स्कूल के पास बीड़ी-सिगरेट बेचने वालों पर निगरानी*

**नगर संवाददाता. जयपुर**

शिक्षा विभाग ने स्कूलों के बाहर धूम्रपान सामग्री की बिक्री पर रोक लगाने का आदेश एक बार फिर निकाला है। इस बार संस्था प्रधानों पर सख्ती करते हुए आदेश में कहा गया है कि स्कूल के 100 गज के दायरे में धूम्रपान सामग्री बेच रहे दुकानदारों को समझाएं। नहीं मानने पर नजदीक के थाने में सूचना कर उन्हें हटाने की कार्रवाई करें। इस काम में संस्था प्रधानों ने लापरवाही की तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकती है।

जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक प्रथम बी.एस. रावत का कहना है कि निदेशालय से इस संबंध में पत्र प्राप्त हुआ था। इसके बाद सभी प्रधानाध्यापक और प्रधानाचार्यों को निर्देश दिया गया है कि पूरे काम पर शिक्षा अधिकारी निगरानी रखेंगे। वे समय समय पर स्कूलों का दौरा कर जांच करेंगे कि संस्था प्रधानों ने क्या कार्रवाई की?

D.B
14.XI.08
ADS

## पिछले आदेश का क्या हुआ

शिक्षा विभाग ने पूर्व में ऐसा ही आदेश निकाला था। इसके बावजूद स्कूलों के आसपास चाय-पान की थड़ियों और दुकानों पर तंबाकू उत्पाद और धूम्रपान सामग्री की बेरोकटोक बिक्री जारी रही। शिक्षा विभाग को इसकी समय-समय पर शिकायतें मिलती रहीं। ऐसी दुकानों-थड़ियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो विभाग ने अब सर्कुलर जारी किया। अब संस्था प्रधानों पर ही कड़ाई करनी शुरू कर दी है। हालांकि विभाग का कहना है कि दुकानो से तंबाकू उत्पाद रोकने और स्कूलों के आसपास धूम्रपान करने वालों पर सख्ती बरतने में पुलिस का सहयोग महत्वपूर्ण है।